एक नजर में



## बांदकपुर धाम में कॉरिडोर निर्माण स्थल का निरीक्षण

नवभारत,दमोह। बांदकपुर धाम श्री जागेश्वर नाथ महादेव जी की नगरी में भव्य विशाल कॉरिडोर निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। अभी यह निर्माण कार्य मंदिर के पीछे की ओर करौंदी नाले की तरफसे प्रारंभ हुआ है। संघर्ष अभियान से जुड़े शिवभक्तों की ओर से लगातार हर माह में एक दिन बैठक करके और निर्माण स्थल का निरीक्षण किया जाता है। जिसमें पाया गया है कि कार्य बहुत ही धीमी गति से हो रहा है। साथ ही साथ निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर भी अनेक प्रश्न उठ रहे हैं। निर्माण की जानकारी को लेकर एक व्यवस्थित बोर्ड भी नहीं लगा। कोरिडोर के विषय में जिला प्रशासन द्वारा एक बैठक भी बांदकपुर में हो चुकी है। जिसमें जिला मुख्य न्यायाधीश, कलेक्टर ,अन्य अधिकारी एवं मंदिर ट्रस्ट कमेटी और निर्माण एजेंसी रही। लेकिन गुणवत्ता के पैमाने में अभी बहुत सुधार की आवश्यकता है।



## जबेरा में खंड स्तरीय समीक्षा बैठक

नवभारत,जबेरा/दमोह ।कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं पर विकासखंड जबेरा के आजीविका मिशन भवन में मैदानी स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मचारियों की खंड स्तरीय समीक्षा बैठक ली गई।



## शांतिपूर्ण तरीके से दमोह और हटा में 4100 वितरित हुए टोकन

नवभारत,दमोह. कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में शहर स्थित तहसील सागर नाका पर विपणन अधिकारीद्वारा 1800 व एमपी एग्रो द्वारा 300 टोकन शांतिपूर्ण तरीके से वितरित किए गए. इसी के साथ हटा में 2000 टोकन वितरण किए गए. इस अवसर पर दमोह तहसील में एसडीएम आरएल बागरी, तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी, नायब तहसीलदार राबिन जैन, आशुतोष गुप्ता,विपणन अधि कारी इंद्रपाल सिंह राजपूत, एमपी एग्रो से साकेत गोस्वामी,पटवारी यातायात थाना प्रभारी दलबीर सिंह मार्को, देहात थाना से आ. अरुण गुर्जर, देवेंद्र व दीपेंद्र व सागर नाका चौकी से आ. यशवंत, राहुल, सैनिक सुनील तिवारी सहित पुलिस और भी खाद विभाग से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे. विपणन अधिकारी श्री राजपूत ने बताया कि शांतिपूर्ण तरीके से हटा और दमोह में 4100 टोकन वितरित किए गए हैं.




## बिना परमिट की चल रही बस पर हुई कार्यवाही


नवभारत,दमोह.बिना परमिट की दमोह में चल रही बस को सिटी कोतवाली और यातायात पुलिस ने पकड़ा,जिसपर यातायात पुलिस ने चालान काटकर कार्रवाई कर हिदायत दी.इस अवसर पर यातायात थाना से आ.हरगोविंद व मनीष का योगदान रहा.

लापरवाही | आवंटित करने पर न्यायालय द्वारा संपूर्ण संचालन एवं प्रभाव पर रोक

# साजली जलाशय में मछुआ समाज के परिवार है वंचित

**नवभारत,पथरिया/दमोह : साजली जलाशय (बाँध) सागर दमोह के मध्य बना हुआ एवं क्षेत्र में चहुँओर चर्चाओं का विषय बना हुआ है कि ढूँढा, सासा, कोडरमणी, सुजनीपुर, केवलारी के मछुवा गरीब बेरोजगार समाज़ के कई परिवारो को मत्स्य विभाग के संचालक की मिलीभगत से वंचित किया गया है उक्त जलाशय के निर्माण के पश्चात पथरिया ब्लॉक ( दमोह) के 155 परिहार एवं गोरा खुर्द (सागर) जिले के 30 परिवार विस्थापित हुए थे।**

जल संसाधन विभाग दमोह व सागर द्वारा कृषको की निजी भूमि का कुल रकवा जिसमें दमोह का निजी रकवा लगभग 357 हैक्टेयर है एवं सागर का निजी कुल रकवा लगभग 320 हैक्टेयर जल संसाधन भोपाल को प्रेषित की गई थी। डूब में दमोह जिले का शासकीय रकवा 97.65 एवं सागर जिले का शासकीय रकवा 84.67 है एवं संबन्धित विभागों द्वारा विस्थापन की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है जिसमें 155 परिवार दमोह के एवं 30 परिवार सागर जिला के है।



### 30 प्रतिशत की आबादी है मछुआ समाज

मत्स्य के नियमानुसार प्रथम प्राथमिकता मछुवा (ढीमर) द्वितीय अनुसूचित ज़नजाति तृतीय अनुसूचित जाति चतुर्थ पिछड़ा वर्ग पंचम प्राथमिकता स्वर्ण वर्ग के लिए तय की गई है। मतदाता सूचि अनुसार तीस (30) प्रतिशत की आबादी मछुवा समाज़ के लोग निवासरत है।

संचालक बी.आर पटेल मत्स्य विभाग सागर द्वारा जो मछुवा सहसमिति गोरा खुर्द की बनाई गई है उसमें सामान्य व पिछड़ा वर्ग की समिति का गठन किया गया है जो पूर्ण रूप से अनैतिक है निम्नानुसार आठ किलोमीटर क्षेत्र के भीतर के ढीमर समाज के परिवारो को शामिल करना था लेकिन संचालक द्वारा निज स्वार्थ के चलते रैकवार ( ढीमर) के गरीब परिवारो को उनके अधिकारों (लाभ) से वंचित किया गया है जो मत्स्य की परिभाषा से विपरीत है।

> दमोह जिले के लोगों द्वारा उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की गई जिसमें निर्णय लिया गया है कि गोरा खुर्द सहसमिति का गठन हुआ है तालाब को एक विशिष्ट व्यक्ति को आवंटित करने पर न्यायालय द्वारा संपूर्ण संचालन एवं प्रभाव पर रोक लगा दी है और उक्त प्रकरण समीक्षाधीन है।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई

नवभारत,दमोह .यातायात पुलिस दमोह द्वारा मारुताल चौराहे पर चैकिंग प्वाइंट लगा कर यतयात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई.उक्त कार्यवाही में 24 वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर 62,900 रूपये का समन शुल्क बसूला गया. दैनिक व ड्राइव प्रकरण: चैकिंग के दौरान एमपी 15 एम एल 8564 मोटर साइकिल का चालक ड्रिंक एंड ड्राइव करते आए जाने पर प्रकरण तैयार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया ।





## स्वदेशी मेला भूमिपूजन कार्यक्रम

### कन्याओं ने चलाई कुदाली

नवभारत,दमोह.स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन और स्वदेशी जागरण मंच के द्वारा स्वावलंबन और स्वदेशी बाजारों को बढ़ावा देने के लिए द्वितीय वर्ष भी शहर के तहसील मैदान में 6 नवंबर से 16 नवंबर तक स्वदेशी मेला 2025 का आयोजन किया जा रहा है. आयोजन की तैयारी को लेकर सोमवार को आयोजन स्थल तहसील मैदान में भूमि पूजन किया गया.इस दौरान उपस्थित ब्राह्मणों द्वारा विधिपूर्वक मंत्रोच्चार के साथ पूजन अर्चन कराया.तत्पश्चात आयोजन समिति द्वारा सर्व समाज से आई कन्याओं को देवी रूप में पूजना कर उन्हें उपहार वितरित किए गए.कन्याओं के द्वारा ही कुदाल चलकर मेला तैयारियों का आरंभ किया गया.भूमि पूजन के पश्चात स्वदेशी मेले के पोस्टर का विमोचन भी किया गया.स्वदेशी मेले के आयोजन से जहां एक ओर लोकल फॉर वोकल, स्वदेशी उत्पादों और स्थानीय बाजारों को नया मंच देने की मंशा है.वहीं मेले के द्वारा नारी शक्ति को प्रधानता दी जा रही है.इस मेले में महत्वपूर्ण भूमिकाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व है और मेले के अधिकांश दायित्व उन्हीं के द्वारा पूर्ण किए जाएंगे. 11 दिवसीय इस मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम विभिन्न स्वदेशी खेल प्रतियोगिताएं स्वदेशी और देश की महानता को प्रदर्शित करती हुई प्रदर्शनी स्वदेशी और लोकल व्यंजन सहित बच्चों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं. भूमि पूजन अवसर पर मेला पालक एड.दीपक तिवारी, मेला संयोजिका डॉ सोनल राय, डॉ मोनिका पालीवाल, प्रिया श्रीवास्तव, कंचन असाटी,कुसुम खरे,कंचन नेमा, विभा सोनी, एकता विश्वकर्मा, संगीता श्रीधर, रश्मि वर्मा, सीमा जाट, दीप्ति, सुधा कनौजिया, मंजू राजपूत,उधम सिंह राजपूत,संजय खरे,मेला प्रमुख बृजेंद्र राठौर, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, नरेंद्र बजाज,अमर सिंह राजपूत,सांस्कृतिक गतिविधि प्रमुख राजीव अयाची आदि उपस्थित रहें।

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान अंतर्गत महिला सम्मेलन

### विभिन्न विधाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली महिलाएं हुई सम्मानित



**नवभारत,दमोह.आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन पीएम श्री कॉलेज दमोह में कार्यक्रम संयोजक पथरिया जनपद सदस्य व महिला समाजसेवी संगीता श्रीधर के नेतृत्व में व छात्र सर्व कल्याण समिति दमोह द्वारा किया गया. कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति व पर्यटन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी, दमोह संसदीय क्षेत्र के सांसद राहुल सिंह लोधी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, मंत्री प्रतिनिधि लोकेंद्र लकी पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू कटारे, भाजपा जिला महामंत्री महेश पटेल, जिला योजना समिति सदस्य व पार्षद कविता राय की उपस्थिति रही.**

कार्यक्रम में स्वागत भाषण कार्यक्रम संयोजक संगीता श्रीधर ने दिया व कुशल संचालन संस्था अध्यक्ष कृष्णा पटैल ने किया. आत्मनिर्भरता व सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु राष्ट्रपति शिक्षक सम्मान प्राप्त शिक्षिका शीला पटेल, राष्ट्रीय स्तर की महिला हॉकी खिलाड़ी शैल्या विलियमसन, राखी वंशवर्ती, सामिया अंजुम, स्वदेशी जागरण मंच, वीर क्षत्राणी समिति, ब्राह्मण सनातनी महिला मंडल, विश्वकर्मा महापंचायत महिला मोर्चा, महिला समिति असाटी समाज, अग्रवाल महिला महासभा, संकल्प समाजसेवी संस्था, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि महिला आयाम, गायत्री परिवार दमोह, शिक्षिका कल्पना पटेल, समाजसेवी मेघा पाठक, कविता राय, मनीषा दुबे, अल्का मिश्रा, सीमा जाट, बबली विश्वकर्मा, मीना पाठक, जयदेवी कुर्मी, वंदना जैन आदि उपस्थित रही।



## सिंग्रामपुर में आचार्य श्री विशुद्ध सागर की भव्य आगवानी



**नवभारत,सिंग्रामपुर/दमोह. सोमवार की दोपहर जबेरा से मंगल विहार करते हुए आचार्य श्री 18 विशुद्ध सागर जी महामुनिराज का सिंग्रामपुर में प्रवेश हुआ तो पूरा नगर भक्ति और उत्साह की आभा में डूब गया। हवाओं में भक्ति, सड़कों पर सजावट और हर चेहरे पर आस्था की चमक कृ यही दृश्य था जब नगर ने अपने आराध्य संत का स्वागत किया।**

नगर के प्रमुख मार्गों को रंगोली, पुष्प सज्जा और तोरण द्वारों से सजाया गया था। जय गुरुदेव के गगनभेदी जयघोष, बैंड-बाजों की मधुर धुनों और श्रद्धालुओं की भीड़ ने माहौल को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। नन्हे नन्हे बालक धर्म ध्वज थामे आगे बढ़ रहे थे, उनके पीछे भक्ति भाव से ओतप्रोत समाजजन जयकारे लगाते हुए स्वागत यात्रा में शामिल हुए।मुनिश्री का सिंग्रामपुर के नया मंदिर पारसनाथ में मुनि संघ के साथ पहुंचना नगरवासियों के लिए सौभाग्य का क्षण बन गया। वहां भगवान पारसनाथ का दर्शन और पूजा-अर्चना के पश्चात मुनिश्री ने बड़े मंदिर में भी दर्शन कर नगर के कल्याण की मंगल भावना व्यक्त की। उपरांत मुनिश्री का मंगल विहार गुबरा ग्राम की ओर हुआ, जहां रात्रि विश्राम संपन्न होगा। मंगलवार की प्रात: वे कटंगी नगर में मंगल प्रवेश करेंगे और वहां आहारचर्या संपन्न होगी।

मुनिश्री का यह पावन मंगल विहार अब जबलपुर दिशा की ओर अग्रसर है, और प्रत्येक नगर में उनके आगमन को लेकर श्रद्धालुओं में गहरी श्रद्धा और उत्सुकता का वातावरण है। सिंग्रामपुर का यह भव्य स्वागत न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक। रहा, बल्कि इसने यह भी दर्शाया कि परंपरा और भक्ति आज भी समाज के हृदय में उतनी ही जीवंत है जितनी सदियों पहले थी।

## सहस्त्रबाहु भगवान का पूजन व दीपावली मिलन



नवभारत,दमोह। कलचुरी महिला समिति दमोह द्वारा सहस्त्रबाहु जयंती की पूर्व संध्या पर श्रीमती मंजू वीरू राय नगर पालिका अध्यक्ष की की उपस्थिति में दीपावली मिलन कार्यक्रम व सहस्त्रबाहु भगवान का पूजन अर्चन सभी कलचुरी महिला समिति के सदस्यों द्वारा किया गया दीपावली कार्यक्रम की संयोजक सरिता राय श्रीमती प्रमिला छोटे गुड्डू अशोक राय श्रीमती मयूरी राजा राय श्रीमती आराधना धर्मेंद्र राय श्रीमती नीलू श्रीमती अर्चना प्रियंका शिवहरे आदि उनके साथियों द्वारा सभी कलचुरी समिति की सदस्यों का अभिनंदन किया। वरिष्ठ साहित्यकार आराधना डॉ.गणेश राय इमलाई द्वारा वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान श्रीमती लीला सुखचैन राय श्रीमती उषा शिव हरे श्रीफल शॉल द्वारा सम्मान किया गया श्रीमती मंजू राय नगर पालिका अध्यक्ष का स्वागत मयूरी राय द्वारा समाज की वरिष्ठ सदस्य श्रीमती लीला राय का स्वागत श्रीमती प्रमिला राय द्वारा सचिव डॉ.सोनल राय का स्वागत मयूरी राय एवं जिला अध्यक्ष श्रीमती सरोज राय का स्वागत श्रीमती किरण राय द्वारा किया गया। इसके उपरांत सदस्यों द्वारा नृत्य किया गया कुर्सी दौड़ का आयोजन करते हुए सभी ने आनंद लिया श्रीमती गायत्री राय श्रीमती शीला राय उषा राय प्रीति राय अनुष्का प्रीति रीता रंजना राय निधि गोपाल राय संगीता राय सपना राय अंशु राय पूजा राय लता राय प्रीति प्रदीप राय विनीता राय सरला राय अनसुईया राय मानसी राय सीमा राय निधि पवन राय रंजना चौकसे मुखारिया दीदी सरला राय रुक्मणि राय सुनीता राय सीमा राय प्रीजल राय अनीता राय पूजा राय मंजूषा राय प्रभा राय भारती राय अनिता राय विजेता राय हटा से साधना राय आदि की उपस्थिति रही दमोह कलचुरि महिला समिति 12 अक्टूबर 2025 को राज्य कैबिनेट मंत्री दिलीप जायसवाल भोपाल की महापौर मालती राय की अध्यता में पदाधिकारी नियुक्त महिलाओं श्रीमती कल्पना राय अध्यक्ष डॉ.सोनल राय उपाध्यक्ष किरण राय महामंत्री आराधना राय इमलाई कोषाध्यक्ष का सम्मान किया गया आभार आराधना राय इमलाई ने माना।

## शहर में चल रहे जुए फड़ पर पुलिस की रेड

नवभारत,दमोह.सिटी कोतवाली पुलिस ने शनिवार और रविवार की रात करीब एक 1:30 बजे शहर में चल रहे एक जुए फड़ पर छापा मार कार्रवाई करते हुए 15 जुआरियों से कुल 10 लाख 73000 का मशरूका जप्त किया है. जिसमें 163000 नगदी भी मिले हैं. सिटी कोतवाली टीआई मनीष कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया के मार्गदर्शन में जिले भर में जुए पर पैनी नजर बनाकर कार्यवाहियां की जा रही हैं.सीएसपी एचआर पांडे के मार्गदर्शन में शहर के मागंज वार्ड दो मोरगंज गल्ला मंडी में हो रहे जुए फड़ पर दबिश देकर 15 आरोपियों को गिरफ्तार कर जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई. आरोपियों से 163000, 11 मोबाइल, तीन स्कूटी व एक मोटरसाइकिल बरामद की है.इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मनीष कुमार,प्रधान आरक्षक अभिषेक चौबे, देवेंद्र रैकवार, महेश यादव, अजीत दुबे,कलीम खान, हेमंत अवस्थी, आरक्षक राजकुमार ठाकुर, भूपेंद्र सिंह, ओमप्रकाश रैकवार, आयुष मिश्रा, कृष्णकांत व्यास,साजली का विशेष योगदान रहा.



### डेढ़ वर्ष से फरार स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

नवभारत,दमोह/हटा. हटा थाना पुलिस ने डेढ़ वर्ष से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है. आरोपी अपने गांव आया था मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने दबोच लिया.आरोपी दीपक पिता शिव लाल अहिरवार उम्र 35 वर्ष निवासी बोरी कला के विरुद्ध हटा न्यायालय से आबकारी एक्ट के मामले में वारंट जारी किया गया था. जो लंबे समय से फरार चल रहा था पुलिस उसकी तलाश करने में लगी हुई थी. हटा थाना टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम में सब इंस्पेक्टर सौरभ शर्मा, एनके तिवारी, जितेंद्र व पवन ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की.पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे जेल भेज दिया गया है.



## देवडोगरा में सड़क हादसा

### समय पर ई-अटेंडेंस दर्ज करने की जल्दबाजी बनी दुर्घटना का कारण



**नवभारत,पटेरा/दमोह.पटेरा-दमोह मार्ग पर देवडोंगरा के पास सीएम राइज स्कूल पटेरा की शिक्षिका कविता करोसिया सोमवार सुबह सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गईं. प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिक्षिका दमोह से प्रतिदिन की तरह स्कूल ड्यूटी के लिए आ रही थीं.बताया गया है कि सुबह ई-अटेंडेंस निर्धारित समय पर दर्ज करनी होती है और इसी समय सीमा को ध्यान में रखते हुए वे जल्दबाज़ी में तेज गति से वाहन चला रही थीं, तभी देवडोगरा के समीप बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वे सड़क पर गिर पड़ीं.** हादसे में सिर सहित शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई हैं.घटना के बाद राहगीरों व ग्रामीणों ने तुरंत मानवीय संवेदना दिखाते हुए शिक्षिका को पटेरा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों द्वारा उपचार जारी है.डॉक्टरों ने उनकी स्थिति गंभीर बताई है. स्थानीय शिक्षकों ने कहा कि समय-सीमा आधारित ई-अटेंडेंस के दबाव के कारण शिक्षक प्राय: जल्दबाज़ी में यात्रा करते हैं, जो सड़क सुरक्षा के लिए खतरा बन जाता है. इस घटना ने फिर से शिक्षकों की सुरक्षा और यात्रा समय को लेकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की आवश्यकता को सामने ला दिया है.

पुलिस की सफलता | पथराव कर परिवार के लोगों से मारपीट करने वाले चार आरोपियों को पकड़ा

# आरोपियों का पुलिस ने शहर में निकाला जुलूस

**नवभारत,हटा/दमोह. हटा के खचना नाका इलाके में 22 अक्टूबर बुधवार की रात एक घर पर पथराव कर परिवार के लोगों से मारपीट करने वाले चार उपद्रवियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया और रविवार को उनका जुलूस भी निकाला। ये पूरा विवाद दीपावली के दिन पटाखे फोड़ने से उपजा था। इसके बाद आरोपियों ने इस घटना को अंजाम दिया था। इस पथराव से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। पीड़ित परिवार ने हटा थाने में इसकी शिकायत भी दर्ज कराई थी।** पुलिस ने मामले की विवेचना कर चार आरोपियों के खिलाफ धारा 191- 2, 190, 335 बीएनएस के तहत एफ्आईआर दर्ज की जिसमें कमलेश पिता गोविंद साहू उम्र 22 वर्ष निवासी मुरली मनोहर वार्ड,मनोज पिता रघुवीर राय उम्र 24 साल निवासी कमला नेहरू वार्ड, हेमंत ठाकुर पिता नत्थू सिंह ठाकुर उम्र 20 वर्ष निवासी कमला नेहरू वार्ड,काशीराम पिता अनरस अहिरवार उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम निमरमुंडा हाल निवासी गांधी वार्ड हटा शामिल है। आपको याद होगा कि बीते बुधवार की रात करीब 10 बजे हिमांशु यादव के घर पर आरोपियों ने पथराव किया था वह परिवार के लोगों से मारपीट की थी। यादव ने पुलिस को बताया था कि दीपावली की रात वह अपने कुछ दोस्तों के साथ शहर में पटाखा फोड़ रहा था। तभी रास्ते में उसका एक दोस्त भूरा मिल गया, जिसके साथ उसने पटाखे फोड़े। भूरा ने एक फ्टाका फोड़ा जिससे उसका हाथ जल गया। जब पटाखा फोड़ा तो वहां पर मनोज और कमलेश पहुंचे और मुझसे इस बात पर विवाद करने लगे कि यहां पटाखे क्यों फोड़े। उनसे सॉरी बोलकर वो घर आ गया। दो दिन बाद मनोज, कमलेश अपने 20-25 साथियों के साथ उसके घर आए और घर पर पथराव कर दिया। कमलेश चाकू लिए था और बाकी लोगों ने लाठियों से उसकी दोनों बहने, मां और चाचा सबको पीटा था। अब पुलिस ने जब जुलूस निकाला आरोपियों पर नकेल कसी तो सारी हेंकड़ी निकल गई।




> पुलिस ने रविवार को चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया और नगर में जुलूस निकालते हुए उनकी हेकड़ी निकाल दी सभी को न्यायालय में पेश किया, जहां से चारों को जेल भेज दिया है। जुलूस के दौरान आरोपी पथराव न करने और अपराध न करने की कसम भी खा रहे थे। हटा टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय ने बताया कि अभी भी मामले की विवेचना चल रही है और जो भी आरोपी सामने आएंगे उनके खिलाफभी कार्रवाई की जाएगी।